# बकरीद को लेकर हाई अलर्ट पर मेरठ रेंज, हापुड़ में ड्रोन से निगरानी और भारी पुलिस बल तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए मेरठ रेंज पुलिस ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। 28 मई को होने वाली ईद-उल-जुहा को लेकर हापुड़ समेत मेरठ, बुलंदशहर और बागपत जनपदों में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। हापुड़ जिले की 84 ईदगाहों और 51 मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी, जहां सुरक्षा के विशेष प्रबंध रहेंगे।

मेरठ रेंज में कुल 508 ईदगाह और 957 मस्जिदों को सुरक्षा घेरे में लिया गया है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 23 जोन, 79 सेक्टर और 49 क्विक रिस्पांस टीम गठित की गई हैं। इसके अलावा करीब छह हजार पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। डीआईजी मेरठ रेंज कला. निधि नैथानी ने सभी जनपदों के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए। ड्रोन कैमरों से निगरानी करने के साथ लगातार पैदल गश्त भी कराई जाएगी। वहीं अत्यंत संवेदनशील इलाकों में 24 घंटे पुलिस पिकेट तैनात रहेगी। पुलिस प्रशासन ने बकरा मंडियों और पशु पैठों पर



भी निगरानी बढ़ा दी है। अधिका. रियों को निर्देश दिए गए हैं कि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लूट, छिनैती और विवाद जैसी घटनाओं को रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जाए। रेंज के 91 स्थानों को हॉटस्पॉट और संवे. दनशील क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है। यहां विशेष निगरानी रखी जाएगी। साथ ही खुले स्थानों पर कुर्बानी और प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी रोकने के लिए भी सख्ती बरती जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि त्योहार के दौरान किसी नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाएगी। थाना प्रभारियों और चौकी इंचार्जों की जिम्मेदारी तय करते हुए सुरक्षा व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की विशेष नजर रहेगी। फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म पर भड़काऊ या भ्रामक पोस्ट डालने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन द्वारा शांति समिति, धर्मगुरुओं और संभ्रांत लोगों के साथ लगातार बैठकें कर सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की जा रही है।

## सिंभावली थाने के दो उपनिरीक्षक लाइन हाजिर युवक से मारपीट के आरोप में एसपी की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिंभावली में तैनात दो उपनिरीक्षकों पर युवक को थाने में कथित रूप से प्रताड़ित करने के आरोप के बाद पुलिस अधीक्षक ने कड़ा कदम उठाया है। मामले की जांच पूरी होने के बाद दोनों दरा. ेगाओं को लाइन हाजिर कर दिया गया। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में चर्चा तेज हो गई है।

सूत्रों के अनुसार, एक युवक ने पुलिसकर्मियों पर थाने के अंदर मारपीट और थर्ड डिग्री देने का आरोप लगाया था। शिकायत सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक ने तत्काल मामले की जांच के आदेश दिए थे। जांच की जिम्मेदारी क्षेत्राधिकारी को सौंपी गई थी। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद थाना सिंभावली में तैनात उपनि.





रीक्षक राहुल और यशपाल के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि विभागीय अनुशासन से समझौता नहीं किया जाएगा। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने सभी थाना प्रभारियों और पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आमजन के साथ व्यवहार करते समय कानून और मानवाधिकारों का पूरा पालन किया जाए। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# गलंद अंडरपास के पास युवक का शव मिलने से सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** रविवार सुबह पिलखुवा क्षेत्र के गलंद अंडरपास के पास ढबारसी रोड किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सड़क किनारे शव पड़े होने की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा युवक की शिनाख्त कराने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।



जानकारी के अनुसार रविवार सुबह राहगीरों ने गलंद अंडरपास के पास सड़क किनारे एक युवक को मृत अवस्था में पड़ा देखा। घटना की सूचना तेजी से क्षेत्र में फैल गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पिलखुवा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अतुल चौहान पुलिस टीम तथा छिजारसी चौकी प्रभारी विवेक चौहान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आसपास के क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 32 से 35 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। युवक के पास से कोई पहचान पत्र बरामद नहीं हुआ है, जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है, वहीं क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि युवक की पहचान होने के साथ घटना से जुड़े सुराग मिल सकें। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अतुल चौहान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो सकेंगे। फिलहाल पुलिस हर बिंदु पर गंभीरता से जांच कर रही है।

## विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को दी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में कांग्रेस ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को धार देना शुरू कर दिया है। रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने नगर इकाइयों के अध्यक्षों को SIR की फाइनल वोटर लिस्ट सौंपकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष इरफान अहमद, पिलखुआ नगर अध्यक्ष रजनीश त्यागी और गढ़ नगर अध्यक्ष मुकेश कौशिक सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

राकेश त्यागी ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर बूथवार वोटर सूची कार्यकर्ताओं तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी अब चुनावी मोड में आ चुकी है और



प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का प्रयास है कि पार्टी समर्थकों का कोई भी वोट सूची से बाहर न रहे। इसके लिए कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर लोगों के नाम जुड़वाने और मतदान के प्रति जागरूक करने का काम करेंगे। अरविंद शर्मा ने कहा कि जिन क्षेत्रों में कांग्रेस समर्थकों के वोट कटे हैं, वहां विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन जमीनी स्तर पर सक्रिय होकर मतदाताओं के बीच पहुंचेगा और आगामी चुनाव में मजबूती से भागीदारी निभाएगा। बैठक में पंडित अरविंद शर्मा, नरेश भाटी, गौरव गर्ग, अफजाल आढ़ती, संजय छाबड़ा, खुशनूद अली, सचिन गोयल, सुधीर शर्मा और एडवोकेट फुरकान समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विदेशी लोग भी चखेंगे गढ़ क्षेत्र के आम का स्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र में बड़े स्तर पर आम की बागबानी की जाती है। यहां के बागवान फसलों को सुरक्षित करने में लगे हुए है। यहां से विभिन्न स्थानों को निर्यात होने वाले आम को सुरक्षित रखने के लिए विर्घभन्न प्रकार की कवायद की जा रही है। आम की चमक बरकरार रखने के साथ ही आम को कीड़े और पक्षियों की चोंच से महफूज रखने को मैंगो बैल्ट के बागों में रेपर लगाए जा रहे हैं। इसको लेकर आम के बागबानों से पेड पर लगी आम की फसल को पैक करना शुरू कर दिया है। तहसील क्षेत्र के गांव अठसैनी, बक्सर, बहादुरगढ़, नानपुर, खिलवाई, नानई, पलवाड़ा, पसवाड़ा, अठसैनी आदि गांवों में आम के काफी संख्या में बाग है। आम के बागों में वर्तमान में पेडों पर फसल लगी हुई है। ऐसे में यहां के किसान अपनी अपनी फसलों को सुरक्षित करने में लगे हुए है। जिसको लेकर बहादुरगढ़ क्षेत्र की मैंगो बैल्ट के बागों में लगे आम को कागज से तैयार रेपर में लपेटा जा रहा है, जिसका असल उद्देश्य धूप एवं बारिश में भीगकर काले पडने वाले आम की चमक को बरकरार रखना है। इसके अल लगाए जाने से पेड़ों पर लगा आम कीड़े मकौड़ों के हमले के साथ ही पक्षियों की चोंच से भी पूरी तरह सुरक्षित हो जाता है, जो विदेशों में निर्यात होने के लिए रेपर पहली और बेहद अहम शर्त होती है। पेड़ पर लगे एक आम को रेपर से लपेटे जाने में एक से लेकर दो से तीन रुपये की रकम खर्च होती है, परंतु सामान्य आम की तुलना में इस आम का दाम करीब पांच से सात रुपये किलो अधिक मिलता है। बहादुरगढ़ क्षेत्र की मैंगो बैल्ट के बागों में रेपर लगाए जाने की कवायद किसानों की ओर से प्रारंभकराई गई है। बागबानो का कहना है कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से विदेश में आम निर्यात होता है। हमारे यहां से भी



आम विदेश जाए इसलिए हमने तैयारी तेज कर दी है। उन्होंने बताया कि विदेश में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए आम की चमक बरकरार रखने के साथ ही उसे कीड़े मकौड़े और पक्षियों के हमले से सुरक्षित रखने की कवायद प्रारंभ की गई है। उन्होंने बताया कि उनके यहां से पैंकिंग में तैयार किया जा रहा है आम, दिल्ली, मुंबई शहरों की मंडी में जाकर वहां से विभिन्न देशों के लिए जाएगा। इसको लेकर उन्होंने उद्यान विभाग सहित मंडी के व्यापारियों से भी संपर्क करना शुरू कर दिया है। क्योंकि स्थानीय आम मार्किट में आ चुका है।

# गंगा दशहरे मेले का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट गंगा नगरी समेत कच्चे घाट और पुष्पावती घाट पर आयोजित होने वाले गंगा दशहरे मेले का शुभारंभ हो गया है। ब्रजघाट में अमरोहा जिला पंचायत अध्यक्ष और पालिका चेयरमैन ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच ब्रजघाट तीर्थनगरी में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय गंगा दशहरा मेले का शुभारंभ कर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

अमरोहा जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर और पालिका चेयरमैन राकेश बजरंगी ने रविवार की शाम को मंत्रोच्चारण के बीच ब्रजघाट तीर्थनगरी में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय गंगा दशहरा मेले का वैदिक रीति रिवाज से शुभारंभ किया। इस दौरान चेयरमैन राकेश



बजरंगी और ईओ पवित्रा त्रिपाठी ने पालिका परिषद स्तर से श्र)ालुओं के लिए की गई पेयजल, सफाई, गहरे पानी में जाने से रोकने को गंगा किनारे बैरिकेडिंग, पथप्रकाश, रैन बसेरा, परिजनों से बिछुडने वालों को उनसे मिलाने के लिए खोया पाया केंद्र जैसी सभी जरूरी सुविधाएं पूरी तरह चुस्त दुरुस्त की हुई हैं। उन्होंने बताया कि मेलावधि के दौरान गंगा किनारे के साथ ही श्रद्धालुओं के आवागमन से जुड़े रास्तों पर जेनरेटर से बिजली के साथ ही चौबीस घंटे पेयजल सप्लाई भी मुहैया कराई जा रही है। मेला व्यवस्था में कोई भी चूक नहीं होने दी जाएगी, परंतु अगर इसके बाद भी किसी तरह की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित कर्मचारी और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई होगी। इसके उपरांत जिला पंचायत अध्यक्ष और चेयरमैन ने घाटों समेत मुख्य स्थानों पर सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर गंगा मैया की पूजा अर्चना करते हुए देर शाम को हरिद्वार की तर्ज से जुड़ी। गंगा मैया की आरती में भी भाग लिया। पालि. का मेला आयोजन समिति अध्यक्ष रमन शर्मा के अलावा सभासद अरुण गौड़, इकराम नूर, लक्ष्मी यादव, रामपाल सिंह, मनीष सागर, महताब अली, गंगा सभा आरती समिति के संचालक कपिल नागर, गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष विनय मिश्रा, पंडित अमन पांडेय, पालिका लिपिक रविशंकर, अब्दुल वाहिद, मुन्ना लाल, नवीन, रविशंकर, प्रवीण, चीनीपाल समेत काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## आत्महत्या करने वाले युवक की नहीं हो सकी शिनाख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** शनिवार की सुबह को मुरादाबाद की ओर से हापुड़ की ओर जा रही एक ट्रेन से एक युवक ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। युवक के द्वारा उठाए गए इस कदम के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अज्ञात में पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। रविवार की शाम तक भी शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस फोटो के माध्यम से शव की शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

## महिला ने लगाया छेड़छाड़ करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि वह बाजार से सामान लेने के लिए जा रही। तभी उनके पड़ोसी उसका हाथ पकड़ लिया। उसके बाद आरोपी ने छेड़छाड़ की। पीड़िता ने ऐसा करने से मना किया तो आरोपी से उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में भाजपा शक्ति केंद्र की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

'kkg VkbEl l oknnkrk xko/ku ¼eFkqjk½ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांगठनिक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आज विधानसभा गोवर्धन के ग्राम बेरी में शक्ति केंद्र बैठक का भव्य आयोजन किया गया।

इस महत्वपूर्ण बैठक में माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी मुख्य अतिथि एवं प्रभारी के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। जिला



पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बूथ सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करके ही हम हर चुनाव में ऐतिहा. सिक जीत दर्ज कर सकते हैं। इसके साथ ही, केंद्र की मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा चलाई जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति (जन-जन) तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ एक ठोस कार्ययोजना साझा की गई। श्री किशन चौधरी ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करते हुए आह्वान किया कि सभी साथी संगठन हित में पूरी तरह समर्पित होकर कार्य करें।

## एक नजर

### छह साल के मासूम बच्चे के साथ किशोर ने किया कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के एक गांव में घर पर अकेले छह साल के बच्चे के साथ किशोर ने कुकर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ने घर लौटे माता पिता को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी इंद्रकात यादव ने बताया कि गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि रविवार को वह पत्नी के साथ कुछ देर के लिए बाहर गए थे। घर पर उनका छह वर्ष का बेटा अकेला था। तभी पड़ोसी निवासी किशोर उनके घर आ गया और उनके बेटे के साथ कुकर्म की घटना को अंजाम दिया। जब वह घर पहुंचे तो बेटे ने रोते हुए मामले की जानकारी दी। बेटे की बात सुनकर वह दंग रह गए। उनकी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई दो छात्राओं को पुलिस ने किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के अलग अलग गांवों से लापता हुई दो सहेलियों को पुलिस ने बरामद कर लिया है। किशोरियों को बरामद करने के बाद पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

बता दे कि क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों में रहने वाली दो सहेलियां पिछले दिनों घर से बिना एक साथ लापता हो गई थी। दोनों के ही परिवार के लोगों ने उनको काफी तलाश किया, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद उनको सकुशल बरामद कर लिया गया है।

# वृंदावन में पोशाक शोरूम के गैरेज में भीषण आग, हजारों का नुकसान

'kkg VkbEl l oknnkrk oinkouA धर्मनगरी के सबसे व्यस्त इलाके अठखंभा इलाके में रविवार सुबह एक पोशाक शोरूम के गैरेज में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरे गैरेज को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका।

यह घटना बांके बिहारी मंदिर से मात्र 250 मीटर की दूरी पर स्थित इलाके में हुई, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग बलीगंज निवासी मनोज अग्रवाल के पोशाक शोरूम के गैरेज में लगी थी। सुबह जब स्थानीय लोगों ने गैरेज से धुआं और लपटें उठती देखीं तो तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना मिलने के लगभग आधे घंटे बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची।

अफरा-तफरी मच गई।

शॉर्ट सर्किट से लगी आग, तेजी से फैली लपटें जानकारी के अनुसार, मनोज अग्रवाल ने बलीगंज में ही शोरूम के ऊपर अपना आवास बना रखा है। शोरूम के बराबर स्थित गैरेज में दोपहिया वाहन, बिजली का पैनल, बैटरी और इनवर्टर सहित कई सामान रखा हुआ था।

इसी दौरान रविवार सुबह कथित तौर पर शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और ऊपर बने मकान की ओर बढ़ने लगी। हालांकि स्थानीय लोगों ने शुरुआती स्तर पर ही आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू कर दी। घटना की सूचना पर पहुंची दमकल टीम को तंग गलियों के कारण मौके तक पहुं. चने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

# आपदा मित्रों ने चलाया जागरूकता अभियान

'kkg VkbEl l oknnkrk eFkqjkA आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मथुरा के तत्वावधान में अपर जिला अधिकारी (वित्त एवं राजस्व) डॉ. पंकज कुमार वर्मा एवं जिला आपदा विशेषज्ञ पूजा राणा के नेतृत्व में भीषण गर्मी को देखते हुए स्टेट हीट एक्शन प्लान के अंतर्गत आपदा मित्रों द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान आपदा मित्र इं. अशोक यादव की टीम द्वारा आम नागरिकों, बच्चों एवं राहगीरों को लू एवं अत्यधिक गर्मी से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। नगर के विभिन्न स्थानों पर पक्षियों एवं बच्चों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की गई और पेड़ों पर पानी के पात्र लगाए गए। इस



अवसर पर जागरूकता पोस्टर भी लगाए गए एवं लोगों को अधिक पानी पीने, धूप में सावधानी बरतने तथा बच्चों एवं बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई। अभियान का उद्देश्य आमजन को भीषण गर्मी से बचाव हेतु जागरूक करना एवं सेवा एवं मानवता का संदेश देना रहा। अभियान में आपदा मित्र राम सैनी, शुभम कुमार, राजेश, नरेश अग्रवाल, सोहन लाल, देवेन्द्र, काजल, तान्या, लवली, खुशबू आदि आपदा मित्र मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ किठौर के युवक ने होटल में किया दुष्कर्म

## दो दिन तक निजामुद्दीन दरगाह में इंतजार करती रही युवती, परिजन दिल्ली से लाए वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** किठौर कस्बे के होटलों में लगातार सामने आ रहे विवादित मामलों के बीच रविवार को एक और गंभीर मामला प्रकाश में आया, जिसने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। आरोप है कि मुंडाली थाना क्षेत्र के अजराड़ा गांव निवासी युवक ने शादी का सपना दिखाकर गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र की एक नाबालिग युवती को प्रेमजाल में फंसाया और किठौर स्थित होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में निकाह कराने का बहाना बनाकर युवती को दिल्ली भेज दिया और स्वयं फरार हो गया।



पीड़िता शनिवार रात अपने परिजनों के साथ किठौर थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि करीब ढाई वर्ष पूर्व वह अपनी चाची के साथ अजराड़ा गांव गई थी। वहीं उसकी मुलाकात मुफीद पुत्र तौफीक से हुई। शुरुआती परिचय के बाद दोनों के बीच इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू हो गई। आरोप है कि युवक ने धीरे-धीरे उसे प्रेमजाल में फंसाकर शादी का भरोसा दिया और इसी भरोसे का फायदा उठाते हुए उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बताया गया कि कुछ समय बाद आरोपी रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब चला गया, लेकिन मोबाइल पर दोनों की बातचीत लगातार जारी रही। करीब 15 दिन पूर्व भारत लौटने के बाद आरोपी ने युवती को कोर्ट मैरिज कराने का भरोसा दिया और बीते बृहस्पतिवार को उसे किठौर बुलाया। आरोप है कि युवक युवती को राधना मार्ग स्थित एक ओयो होटल में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। इसके बाद आरोपी ने दिल्ली स्थित निजामुद्दीन दरगाह में निकाह कराने की बात कहकर युवती को दिल्ली भेज दिया। वहां पहुंचने के बाद आरोपी ने घर से जरूरी कागजात लाने का बहाना बनाया और मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि दिल्ली पहुंचने के बाद उसने आरोपी से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसका मोबाइल बंद मिला। युवती दो दिनों तक निजामुद्दीन दरगाह के आसपास आरोपी का इंतजार करती रही। इसी दौरान परिजन उसकी तलाश करते हुए दिल्ली पहुंचे और उसे अपने साथ वापस ले आए। सूत्रों के अनुसार दोनों पक्षों के बीच पहले शादी को लेकर बातचीत भी हुई थी, लेकिन सहमति न बनने के बाद मामला पुलिस तक पहुंच गया। रविवार को पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

किठौर थाना प्रभारी सुबोध कुमार सक्सेना ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है और अग्रिम वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# बाल्मीकि बस्ती में धर्मशाला व आरसीसी रोड निर्माण की विधायक ने की घोषणा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** रोहटा स्थित बाल्मीकि बस्ती में धर्मशाला निर्माण एवं आर.सी.सी. रोड निर्माण के लिए बागपत सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान एवं सिवाल खास विधायक हाजी गुलाम मोहम्मद द्वारा निर्माण कार्य कराने की घोषणा किए जाने पर क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। यह घोषणा क्षेत्र के विकास एवं जनसुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके लिए सभी क्षेत्रवासियों की ओर से जनप्रतिनिधियों का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव रणवीर दहिया, मोनू ढिडाला, नरेश बाल्मिकी, राजू बाल्मिकी, विक्की बाल्मिकी सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# शक्ति केंद्र बैठक में बूथ को मजबूत करने का लिया संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी दौराला मंडल की शक्ति केंद्र भराला के पनवाड़ी गांव में मंडल मंत्री मुदित शर्मा के आवास पर शक्ति केंद्र बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने की जिसमें प्रवासी के रूप मे क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हरेंद्र जाटव, प्रवासी गन्ना समिति डायरेक्टर हरेंद्र चौधरी ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की चुनाव के संबंध में और अपने बूथ को मजबूत करने का संकल्प लिया और चुनाव में जुट जाने को कहा। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष अंकुर चौहान, बूथ अध्यक्ष मुदित शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष डॉ धनेश, बूथ अध्यक्ष नीरज जाखड़, शक्ति केंद्र संयोजक अमित गुप्ता, बूथ अध्यक्ष सचिन विहान,मोहित नामदेव, संजीत सिंह, अनुराग पाल, विनोद विहान, प्रेम चंद शर्मा, पंकज सिवाच, मुकेश शर्मा, सुभाष शर्मा, बिन्दर जाखड़, अतुल शर्मा, अमित आदि मौजूद रहे।

### कस्बा लावड़ में छप्पर में आग लगने से हुई पशुओं की मौत का मामला

# विधायक अतुल प्रधान ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात, नकद धनराशि देकर की आर्थिक मदद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** शनिवार को कस्बा निवासी मनोज प्रजापति के छप्पर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने के कारण तीन पशु बुरी तरह झुलस गए थे जिसमें दो पशुओं की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि तीसरे ने देर शाम दम तोड़ दिया था। रविवार को सरधना विधायक अतुल प्रधान पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और उन्हें ढांढस बंधाते हुए 15 हजार रुपए की नगदी देकर आर्थिक मदद की ओर शासन द्वारा उचित मुआवजा दिलाने का भी आश्वासन दिया।



पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद करते विधायक अतुल प्रधान।

### चेयरपर्सन पति ने गौशाला से गाय दिलवाने का दिया आश्वासन

रविवार को चेयरपर्सन पति हाजी शकील कुरैशी ने पीड़ित मनोज के परिवार से मुलाकात कर मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कस्बे में स्थित कान्हा गौशाला से दो या तीन दूध की गाय पीड़ित परिवार को दिलाने की भी बात कही।

**चौकी प्रभारी कुमार गौरव ने भी की आर्थिक मदद:** कस्बे में एक गरीब परिवार के छप्पर में लगी आग के कारण तीन पशुओं की मौत के साथ साथ उनका हजारों रुपए का नुकसान हुआ है जिसके बाद में लावड़ चौकी प्रभारी कुमार गौरव सिंह ने भी मानवता की मिसाल पेश करते हुए पीड़ित परिवार को नगद धनराशि देकर आर्थिक सहायता प्रदान की।

# आज कप्तान से मिलेंगे अधिवक्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को कचहरी परिसर में वादकारी और अधिवक्ताओं के मध्य हुए विवाद में रविवार को मेरठ बार एसोसिएशन की आपात बैठक बुलाई गई। बैठक में मिली जानकारी के अनुसर कुछ वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने आने से नारा. जगी जताई लेकिन मौजूदा अध्यक्ष अनुज शर्मा व महामंत्री परवेज आलम सहित मेरठ बार कमेटी के अधिकतर सदस्य व बड़ी संख्या में अधिवक्तागण बैठक में मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सोमवार (आज) को मेरठ बार एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल कप्तान से मिलकर क्रॉस एफआईआर दर्ज कराने की मांग करेगा। अधिवक्ताओं का कहना है कि कथित पीड़ितों ने ही मारपीट की शुरूआत की थी लेकिन पुलिस द्वारा एकपक्षीय कार्रवाई की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अधिवक्तागण अपनी गरीमा का पालन करेंगे। सोशल मीडिया पर किसी भी अभद्र शैली/भाषा का प्रयोग नहीं करेंगे और इस चीज की गरीमा बनाए रखेंगे कि वह न्यायालय का अंग हैं। शाह टाइम्स से बातचीत करते हुए मेरठ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुज शर्मा ने कहा कि गलती किसी भी पक्ष की थी कप्तान को कम से कम मेरठ बार एसोसिएशन को अवगत कराना चाहिए था।



मेरठ बार अध्यक्ष अनुज शर्मा।

# बकरीद पर मेरठ रेंज में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 6000 पुलिसकर्मी तैनात

### 508 ईदगाह और 957 मस्जिदों में होगी ईद-उल-अज़हा की नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आगामी 28 मई को देश भर में मनाई जाने वाली ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर मेरठ रेंज में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। डीआईजी मेरठ कलानिधि नैथानी ने बताया कि रेंज के चारों जिलों मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ में कुल 508 ईदगाह और 957 मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी, इसलिए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे परिक्षेत्र में 6 हजार पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें 08 अपर पुलिस अधीक्षक, 25 सीओ, 95 निरीक्षक, 1045 उपनिरीक्षक सहित 1005 होमगार्ड और पीएसी की 02 कंपनियां शामिल हैं।



संवेदनशील माने गए 91 हॉटस्पॉट के लिए 23 जोन, 79 सेक्टर और 49 क्यूआरटी टीमों का गठन किया गया है। डीआईजी नैथानी ने सख्त निर्देश दिए हैं कि परम्परा से हटकर कोई भी नया आयोजन न किया जाए। इसके लिए थाना प्रभारी और चौकी इंचार्ज की सीधी जवाबदेही तय की गई है। प्रतिबंधित पशुओं और खुले स्थानों पर कुर्बानी रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। बकरा मंडियों में लूट-छिनैती की आशंका के चलते वहां पिकेट लगाने के आदेश दिए गए हैं। संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में ड्रोन कैमरों से निगरानी के साथ पैदल गश्त बढ़ाई जाएगी। पुलिस फोर्स को हेलमेट और बॉडी प्रोटेक्टर से लैस रखा जाएगा।

### सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर

फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सएप पर भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर कार्रवाई होगी। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अब तक धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ 125 शांति समिति की बैठकें हो चुकी हैं।

# गोतस्करों से पुलिस की मुठभेड़, दो के पैर में लगी गोली

## जानी थाना पुलिस व स्वाट टीम ने की संयुक्त कार्रवाई, चार आरोपी गिरफ्तार, दो को भेजा जेल

- घायलों को उपचार के लिए कराया भर्ती
- आरोपियों पर दर्जनों की संख्या में हैं मुकदमे दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार की देर रात मुठभेड़ के दौरान नौशाद और शाहबाज के पैर में गोली लगी जबकि उनके दो आरोपी को पुलिस ने दौड़कर पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे में दो तमंचे कारतूसी के औजार, एक टाटा पिकअप, एक गोकशी में उपयोग बाइक जिंदा गाय बरामद हुई। अभी कुछ दिन पहले हुई जानी थाना क्षेत्र के नंदपुरा में आरोपी ने गोकशी की घटना को अंजाम दिया था जिसमें बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया था। तभी से पुलिस आरोपियों की तलाश में थी। वहीं शनिवार की रात्रि सीओ सरधना आशुतोष कुमार के नेतृत्व के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव बिश्नोई ने इस घटना का सफल अनावरण किया।

सूत्रों के मुताबिक जानी थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव बिश्नोई को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जानी क्षेत्र के गांव टिमिकया कोठी के खंडहर में गोकशी की घटना को अंजाम देने जा रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक गौरव बिश्नोई स्वाट टीम प्रभारी शैलेंद्र तोमर, एसएसआई विजय कुमार, सिवाल खास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार व पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए और आरोपियों को घेर लिया। तभी गोतस्करों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी जिसमें पुलिस बाल-बाल बची। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी और दो बदमाश भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए उन्हें भी दबोच लिया। जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो वहां से तमंचे कारतूस गोकशी करने के उपकरण एक जिंदा गौवंश, एक टाटा मैजिक, एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। घायल बदमाश नौशाद और शाहबाज को उपचार के लिए भेज दिया। इकरार पुत्र इकबाल निवासी लोहिया नगर रिहान पत्र नफीस को चालान कर जेल भेज दिया। नौशाद पर आधा दर्जन से ज्यादा मुकदमा दर्ज हैं और शाहबाज पर गाजियाबाद के करीब एक दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। वहीं पुलिस के इस सफल अनावरण के बाद क्षेत्र में पुलिस का मनोबल गिरने से बचा और पुलिस ने राहत की सांस ली। पिछले करीब दो हफ्ते से थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव बिश्नोई लगातार गोकशी की घटना को खोलने में लगे थे वहीं ग्रामीणों ने थाना पुलिस की सराहना की।




# रसूलपुर धौलडी में शक्ति केंद्र पर संयोजकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** रविवार को ग्राम धौलड़ी में शक्ति केंद्र, अ और ब पर शक्ति केंद्र संयोजक और बूथ अध्यक्ष की बैठक हुई। बैठक में संगठन को लेकर चर्चा की और आने वाले रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को सुनने के लिये कहा। प्रभारी अनवार कुरैशी ने कहा कि हर महीने के आखिरी रविवार को मन की बात का जो प्रोग्राम होता है उसे सभी कार्यकर्ताओं को ध्यानपूर्वक हर बूथ पर सुनना है और सरल ऐप पर डाउनलोड भी करना है। अनवार कुरैशी ने कहा कि जिस किसी भाई के बूथ पर किसी की वोट कट गई है या नहीं बनी है कार्यकर्ता घर-घर जाकर उनका नाम नोट कर लें जो सही है और वहां के मूल निवासी हैं उनके वोट को बनवाया जाएगा। कार्यक्रम में अनवार कुरैशी, रवि गोयल आईटी संयोजक अमन वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, सक्षम हाजी महाराज कुरैशी, यमीन चौहान, फरहान कुरैशी, रईस भारती, रितिक विपिन गर्ग, मनव्वर चौहान, दानिश कुरैशी, कृष्णपाल आदि मौजूद रहे।

# डॉ. हरिओम पंवार हमारे लिए भारत रत्नः योगगुरु स्वामी रामदेव

- ओजस्वी कवि डॉ. हरिओम पंवार के जन्मोत्सव पर सुभारती में भव्य अमृत महोत्सव का आयोजन
- राष्ट्रीय चरित्र निर्माण में डॉ. पंवार की कविताओं की महत्वपूर्ण भूमिकाः डॉ. अतुल कृष्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के मांगल्य प्रेक्षागृह में उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से विभूषित ओजस्वी कवि एवं राष्ट्रचिंतक डॉ. हरिओम पंवार के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 'अमृत महोत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभर से आए संतों, विद्वानों, साहित्यकारों एवं गणमान्य अतिथियों ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए डॉ. पंवार के दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम में योगगुरु स्वामी रामदेव, परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष एवं संत स्वामी चिदानंद सरस्वती, वातसल्य ग्राम की संस्थापिका तथा प्रखर राष्ट्रवादी संत साध्वी ऋतंभरा, पतंजलि योगपीठ के अध्यक्ष आचार्य बालकृष्ण, प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य एवं आध्यात्मिक गुरु डॉ. पवन सिन्हा, सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश पंकज मित्तल, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व जज सुधीर अग्रवाल, सुदर्शन टीवी के संस्थापक सुरेश चव्हाणके, सुभारती विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज की उपस्थिति ने इसे ऐतिहासिक बना दिया। इस अमृत महोत्सव रुपी शुभकामना समारोह की शुरुआत पारंपरिक रुप से दीप प्रज्ज्वलन व सुभारती ललित कला संकाय के विद्यार्थियों के द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति के साथ हुई। इस अवसर पर सुभारती ग्रुप के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण के नेतृत्व में डॉ. शल्या राज, डॉ. रोहित रविन्द्र, डॉ. कृष्णामूर्ति, अवनी कमल, अमित जोशी एवं डॉ. आकांक्षा के द्वारा सुभारती विश्वविद्यालय परिसर में स्थित आईएनए शहीद समारक एवं उपवन में सुभारती परिवार की ओर से डॉ. हरिओम पंवार के हाथों से मधुकामिनी का पौधा भी रोपित करवाया गया और उनके स्वस्थ तथा दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की गई। इसके पश्चात ललित कला संकायाध्यक्ष डॉ. पिंटू मिश्रा के मार्गदर्शन में ललति कला के विद्यार्थियों द्वारा डॉ. पंवार का चित्र उनको भेंट किया गया। वहीं सुभारती समूह के श्रमिक विद्यालय ईश्वर चंद्र विद्यासागर श्रमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा डॉ. पंवार को सुभारती विश्वविद्यालय की सीईओ डॉ. शल्या की प्रेरणा से संस्कृत गीत के माध्यम से जन्मदिन की बधाई दी गई जिसकी सभी ने करतल ध्वनि के साथ मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने कहा कि डॉ. हरिओम पंवार स्वस्थ व दिर्घायु तो हों ही किंतु परात्मा इनकी वाणी की ओजस्विता को यूं ही सशक्त तब तक बनाए रखे जब तक भारत के हर कोने में रहने वाले व्यक्ति राष्ट्रीय चरित्रवान ना हो जाएं।



कार्यक्रम में योगगुरु स्वामी रामदेव, परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष एवं संत स्वामी चिदानंद सरस्वती, वातसल्य ग्राम की संस्थापिका तथा प्रखर राष्ट्रवादी संत साध्वी ऋतंभरा, आयुर्वेदाचार्य व पतंजलि योगपीठ के अध्यक्ष आचार्य बालकृष्ण, प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य एवं आध्यात्मिक गुरु डॉ. पवन सिन्हा आदि ने अपने संबोधन में डॉ. पंवार को जन्मदिन की शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद देते हुए इनके दीर्घायु व सफल जीवन की मंगल कामना की। इस दौरान बाबा रामदेव ने सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण की प्रशंसा करते हुए कहा कि डॉ. अतुल ने सुभारती विश्वविद्यालय में जिस प्रकार से शिक्षा, सेवा, संस्कार तथा राष्ट्रीयता की राष्ट्रवादी भावना को अपने विद्यार्थियों व विश्वविद्यालय के सभी कमर्चारियों में रोपित कर रहे हैं व अतुलनीय है और इनका यही प्रयास एक दिन भारत को विश्वगुरु बनाने में महती भूमिका निभाएगा।

वहीं दूसरी ओर डॉ. पंवार की प्रशंसा करते हुए बाबा रामदेव ने कहा कि डॉ. पंवार ने सदा देश के लिए आवश्यक राष्ट्रीय मुद्दों और विमर्श को अपना स्वर दिया है। जब कभी देश की बात आती है तो इनका स्वर हिमालय से भी ऊंचा हो जाता है। हमारे लिए तो डॉ. पंवार भारत रत्न हैं। वहीं साध्वी ऋतंभरा ने अपनी शुभाकामना देते हुए कहा कि डॉ. पंवार का नाम हरिओम ऐसा नाम है जो लोक व परलोक दोनों का तारक है। इस दौरान स्वामी रामदेव व स्वामी चिदानंद सरस्वती के निर्देश पर डॉ. पंवार ने अपनी ओजस्वी वाणी में अपनी कविता 'आसमान के तारे नहीं तोड़ता मैं, जुगनू चंदा मामा नहीं जोड़ता मैं' को सुनाकर उपस्थित जनसमूह में ऊर्जा का अप्रतिम संचार किया। इसके साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का हृदय से आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने डॉ. हरिओम पंवार के साहित्यिक योगदान, राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत काव्य शैली तथा भारतीय संस्कृति के संरक्षण में उनके अमूल्य योगदान की मुक्त कंठ से सराहना की।

